# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, उत्तर सामान्य वनमंडल पन्ना (म0प्र0)

पता – डायमण्ड चौराहा जगात चौकी, पन्ना, जिला पन्ना (म.प्र.) पिन : 488001

E-Mail :-dfotnpanna@mp.gov.in    Fax & Phone :- 07732-252029


क्रमांक / मा0चि0 / 2017 / 803    पन्ना, दिनांक 3-2-17

प्रति,

कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन संभाग पन्ना

विषय :– **पन्ना जिले के अन्तर्गत मझगांय सिंचाई परियोजना के निर्माण हेतु 426.763 हे0 वनभूमि जल संसाधन विभाग को उपयोग पर देने बावत्।**

संदर्भ :–
1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध) सतपुड़ा भवन भोपाल का पृ0क्र0 / 2428 दि0 11.11.2016
2. आपका पत्र क्र0 / 3119 / तक. / 2016 पन्ना दिनांक 30.12.2016
3. इस कार्यालय का पत्र क्र0 / मा0चि0 / 5074 पन्ना दिनांक 02.12.2016
4. इस कार्यालय का पत्र क्र0 / मा0चि0 / 389 पन्ना दिनांक 18.01.2017
5. आपका पत्र क्र0 / 188 / तक. / 2017 पन्ना दिनांक 24.01.2017

––00––

विषयांतर्गत लेख है कि संदर्भित पत्र क्र0–1 के माध्यम से प्रस्ताव में बिन्दुवार पूर्ति करने हेतु निर्देश प्राप्त हुये थे। जिसके पालन में आपको संदर्भित पत्र क्र0–2 के माध्यम से प्रस्ताव में पाई गई कमियों / त्रुटियों की बिन्दुवार पूर्ति की जाकर ऑन लाईन प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने के उपरांत हार्डकॉपी में प्रस्ताव 05 प्रतियों में आपसे चाहा गया था। किन्तु आपके द्वारा संदर्भित पत्र क्र0–3 के माध्यम से प्रस्ताव में बिन्दुवार पूर्ति न की जाकर सीधे इस कार्यालय में प्रेषित किया गया है। जिसके उपरांत संदर्भित पत्र क्र0–4 के माध्यम से कमियों की पूर्ति कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया था। जिसके पालन में आपके द्वारा संदर्भित पत्र क्र0–5 के माध्यम से प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसका अवलोकन किये जाने पर बिन्दुवार पूर्ति के अतिरिक्त निम्नानुसार कमियां पाई गई है –

1. वन सीमाये अंकित टोपोशीट संलग्न नही की गई है। संलग्न करें।
2. खण्ड स्तरीय एवं ग्राम स्तरीय कार्यवाही विवरण एवं प्रमाण पत्र आदि संलग्न नही किये गये है। संलग्न करें।
3. आवंटित भूमि के डिजीटल मानचित्र पर हस्ताक्षर नही है। हस्ताक्षर करें।
4. प्रभावित होने वाली भूमि के बदले की भूमि का पटवारी मानचित्र संलग्न नही है। संलग्न करें।
5. तीन वैकल्पिक परीक्षणों का तुलनात्मक विवरण एवं मानचित्र संलग्न नही है। संलग्न करें।
6. Component Wise विवरण संलग्न नही है। संलग्न करें।

अतः आपको अवगत कराया जाता है कि वरिष्ठ से प्राप्त निर्देशानुसार प्रस्ताव में पाई गई कमियों / त्रुटियों की बिन्दुवार पूर्ति करते हुये मानचित्र निर्धारित स्केल पर ही तैयार कर मय हस्ताक्षर के संलग्न करें, ताकि आपके प्रस्ताव में अग्रिम कार्यवाही की जाकर प्रस्ताव कार्यवाही हेतु वरिष्ठ की ओर प्रेषित किया जा सके।

संलग्न :– **मूलतः प्रस्ताव की प्रति 05 नग।**

(सतेन्द्र कुमार सागर)
वन मंडलाधिकारी
उत्तर वनमंडल पन्ना (म.प्र.)

पृ0क्र0 / मा0चि0 / 2017 / 804    पन्ना, दिनांक 3-2-17

प्रतिलिपि :– मुख्य वन संरक्षक छतरपुर वृत्त छतरपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित।

वन मंडलाधिकारी
उत्तर वनमंडल पन्ना (म.प्र.)

O/C